पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)
समस्तीपुर

अधिसूचना :–

विषयः– $33\frac{1}{3}$% कोटा के अंतर्गत वाणिज्य विभाग के वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक (Commercial cum Ticket Clerk), वेतन लेवल–3 (ग्रेड पे – 2000) के रिक्तियों को CBT Mode चयन द्वारा भरे जाने हेतु अधिसूचना।

संदर्भ– महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर के पत्र सं0 ECR-HQ0PERS(EC)/1/2024 (Computer No. 327800), दिनांक–08.10.2025।

महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर के पत्र सं0 ECR-HQ0PERS(EC)/1/2024 (Computer No. 327800), दिनांक–08.10.2025 के आलोक में समस्तीपुर मंडल के वाणिज्य विभाग के वाणिज्य सह टिकट लिपिक (Commercial Clerk cum Ticket Clerk) लेवल–3, के $33\frac{1}{3}$% विभागीय पदोन्नति कोटा के रिक्तियों को सामान्य चयन (General selection) से CBT Mode द्वारा भरे जाने का विनिश्चय किया गया है।

1. रिक्तियों का विवरण – कुल 46 पद

सामान्य	अजा	अजजा	कुल रिक्ति	दिव्यांग(PwBD)
40	04	02	46	04 (VH-01, HH-01, OH-01, MH-01) Horizontal

2. पात्रता की शर्तें

a) समस्तीपुर मंडल के वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के वेतन लेवल –1 एवं वेतन लेवल –2 (ग्रेड पे –1800 एवं ग्रेड पे–1900) में कार्यरत कर्मचारी सफाईवाला सहित, जो अधिसूचना जारी होने की तिथि को 02 वर्षो की नियमित सेवा पूरी कर चुके है, वे इस चयन हेतु आवेदन दे सकते है। **(RBE No. 16/2021, dt. 04.03.2021 & RBE No. 38/2017, dt. 21.04.2017)**

b) सिर्फ मूल पदनाम वाले कर्मचारी ही पात्र माने जायेंगे यदि वे अन्य शर्त एवं अर्हताओं को पूरा करते हों। प्रतिनियुक्ति या अस्थाई व्यवस्था के तहत तैनात कर्मचारी जिनका लियन इस मंडल के वाणिज्य एवं परिचालन विभाग में नहीं है, वे पात्र नहीं माने जायेंगे।

c) चिकित्सा श्रेणी– अधिसूचित पद के लिये वांछित चिकित्सा श्रेणी B-2 है (रेलवे बोर्ड के पत्र सं0–E(NG)II/2018/RR-1/40Pt, दि0–28.02.2019)। आर.बी.ई सं0 69/2024, दि0 26.07.2024 के अनुसार अधिसूचना के मद सं0 2 (a) के अंतर्गत शर्त एवं अर्हताओं को पूरा करने वाले पात्र कर्मचारी यदि B-2 चिकित्सा श्रेणी से नीचे के होते हैं, तो उन्हें लिखित परीक्षा से पूर्व B-2 चिकित्सा श्रेणी के लिये दोबारा चिकित्सा जॉच कराया जायेगा।

d) शैक्षणिक योग्यताः– न्यूनतम आठवां उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें) (महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर का प्राधिकार पत्र – ECR/HRD/210/Comml./AVC दिनांक–20.04.2007)

3. चयन की प्रकियाः–

a) महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर के पत्र सं0 ECR-HQ0PERS(EC)/1/2024 (Computer No. 327800), दिनांक–08.10.2025 में दिये गये निर्देश के आलोक में चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयेजन पूर्णतः Centralized Computer Based Test (CBT Mode) द्वारा होगी।

b) आरबीई सं0 196/2018, दिनांक– 14.12.2018 एवं आरबीई सं0 97/2019, दिनांक–14.06.2019 के अनुसार सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पिय प्रकार के होंगे। प्रश्नपत्र द्विभाषीय (हिन्दी एवं अंग्रेजी) माध्यम में होंगे। कुल प्रश्नों का 10% प्रश्न राजभाषा से होगा, जिसका उत्तर अनिवार्य नही होगा।

c) अंको का निर्धारण –लिखित परीक्षा – 85 अंक, सेवा अभिलेख – 15 अंक।

d) समय अवधि – 02 घंटा अथवा CBT Mode में अंकित निर्देश।

e) आरबीई सं0 194/2019, दिनांक– 14.11.2019 के आलोक में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए $\frac{1}{3}$ निगेटिव अंक प्रदान किया जायेगा, जो कुल प्राप्तांक में घटाया जायेगा अथवा CBT Mode में अंकित निर्देश।

f) आर.बी.ई सं0 164/2022, दिनांक – 20.12.2022 के तहत् चयन मेरिट के आधार पर होगी।

4. **पाठ्यक्रमः–** सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगें, जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी भाषा का ज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित का ज्ञान एवं रेलवे मामलों से संबंधित किये जानेवाले कार्यो के ज्ञान की जॉच से संबंधित होगी।

5. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :–** इच्छुक कर्मचारी जो पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हो, वे निर्धारित आवेदन/विकल्प प्रपत्र जो संलग्न है को पूर्ण रूपेण भरकर अपने नियंत्रक अधिकारी के कार्यालय में **दिनांक–15.12.2025 (सोमवार)** तक जमा कर सकते हैं। सभी संबंधित नियंत्रक अधिकारियों से आग्रह है कि सभी आवेदनों को एक साथ इस प्रमाण पत्र के साथ की **"अब कोई आवेदन इस कार्यालय में शेष नहीं हैं"** के अभ्युक्ति के साथ **दिनांक–17.12.2025 (बुधवार)** तक विशेष पत्रवाहक के द्वारा कार्मिक विभाग के पावती अनुभाग (EGRS Section) में जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगें। **निर्धारित अवधि के बाद कोई भी आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।**

6. अजा/अजजा के उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में इस बात को स्पष्ट करेंगे कि वो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के सदस्य हैं (सत्यापित जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें)।

7. जो कर्मचारी प्रतिनियुक्ति/प्रशिक्षण/स्वीकृत अवकाश या अन्य युनिट आदि में स्थानान्तरण पर हैं, लेकिन उनका लियन समस्तीपुर मंडल में अनुरक्षित, यदि पात्रता रखते हैं तो अपना आवेदन पैतृक युनिट के माध्यम से ही भेजें। मंडल में सीधे प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

8. आवेदन पत्र के प्रत्येक कॉलम को भरा जाना अनिवार्य है।

9. आवेदन/विकल्प निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार होंगें। आवेदन/विकल्प का प्रारूप संलग्न है।

10. **प्रशिक्षणः–** चूँकि अधिसूचित पद गैर संरक्षा कोटि का पद है, अतएव इस मामले में अजा/अजजा अभ्यथियों के लिए चयन पूर्व प्री–कोचिंग अनिवार्य नहीं है।

11. **लिखित परीक्षा**–उक्त चयन हेतु लिखित परीक्षा की संभावित तिथि मुख्यालय के निर्देशानुसार बाद में घोषित की जायेगी। इस चयन हेतु कोई लिखित पूरक परीक्षा आयेजित नहीं की जायेगी।

12. **पात्र अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के लिए आवश्यक अनुदेश :–** परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का कदाचार या अन्य अशोभनीय कार्य की अनुमति नहीं होगी। इस तरह के हरकत के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।
लिखित चयन परीक्षा CBT MODE पर आधारित होगा, जिसके लिये समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देश का अनुपालन पात्र कर्मचारी अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।

13. **संबंधित शाखाधिकारी से अनुरोध है, कि अपने अपने कार्यालय के सूचनापट्ट पर इसे प्रदर्शित करते हुए इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे।**

14. इस अधिसूचना एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर मंडल के कार्मिक विभाग के प्राधिकृत वेबसाईट (www.ecr.indianrailways.gov.in --- Division --- Samastipur --- Personnel) पर भी अवलोकित/डाउनलोड किया जा सकता है।

संलग्नक– आवेदन/विकल्प का प्रारूप

Digitally signed by
TRILOK NATH VERMA
Date: 18-11-2025
15:30:01

(त्रिलोक नाथ वर्मा)
सहायक कार्मिक अधिकारी–।।।
कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक)
समस्तीपुर

सं0–ECR-SPJ0PERS(COMM)/7/2024 (Computer No. 287054) दिनांक – 18.11.2025

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

01. महाप्रबंधक(कार्मिक)/हाजीपुर के पत्र सं0 ECR-HQ0PERS(EC)/1/2024 (Computer No. 327800), दिनांक–08.10.2025 के संदर्भ में सादर सूचनार्थ।
02. वमवाप्र/समस्तीपुर।
03. वमपचाप्र/समस्तीपुर।
04. मुख्य कार्याधी/सामान्य, वमवाप्र/सम0 एवं वमपचाप्र/समस्तीपुर।

05. सभी स्टेशन अधीक्षक, यातायात निरीक्षक, वाणिज्य निरीक्षक, सीटीटीआई एवं सीआईटी, समस्तीपुर मंडल।
06. मुख्य गाडी नियंत्रक/वाणिज्य नियंत्रक/समस्तीपुर मंडल – कृप्या उक्त सूचना संबंधित पर्यवेक्षको को देवें।
07. मंडल मंत्री/ईसीआरईयू एवं अजा/अजजा/ओबीसी एशो0 समस्तीपुर मंडल।
08. मु0 कार्याधी – एमपीपी सेल (कार्मिक कार्यालय में)– कृपया इसे रेलवे के वेबसाईट पर अपलोड करें।
09. नोटिस बोर्ड।

आवेदन/विकल्प का प्रारूप

सेवा में,
मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)
पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर

पर्यवेक्षक द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज का फोटो

विषय :– $33\frac{1}{3}$% कोटा के अंतर्गत वाणिज्य विभाग के वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक (Commercial cumTicket Clerk), वेतन लेवल–3 (ग्रेड पे – 2000) पद के सामान्य चयन में शामिल होने हेतु विकल्प।

संदर्भ :– मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक)/समस्तीपुर का अधिसूचना सं0 ECR-SPJ0PERS(COMM)/7/2024 (Computer No. 287054), दिनांक –18.11.2025

महाशय्

आपके संदर्भित अधिसूचना के आलोक में $33\frac{1}{3}$% कोटा के अंतर्गत वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक (Commercial cumTicket Clerk), वेतन लेवल–3 पद के सामान्य चयन में सम्मिलित होने के लिए अपना विकल्प देता/देती हूँ। मेरा सेवा निम्न प्रकार है:–

01. कर्मचारी का नाम –
02. पिता/पति का नाम –
03. कर्मचारी भविष्य निधि संख्या –
04. एचआरएमएस आईडी –
05. जन्म तिथि –
06. नियुक्ति तिथि – A. अस्थाई दर्जा प्राप्त तिथि/प्रशिक्षण तिथि –
    B. नियमित नियुक्ति तिथि –
07. वर्तमान पदनाम –
08. प्रथम नियुक्ति पद –
09. वर्तमान ग्रेड में पदोन्नति तिथि –
10. वर्तमान वेतनमान+ग्रेड पे/वेतन लेवल –
11. यदि कोई अन्य मंडल/यूनिट से स्थानान्तरण पर आये हैं, तो समस्तीपुर मंडल में योगदान की तिथि –
12. विभाग/कार्यस्थल –
13. सेवाकाल –
14. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रति संलग्न करें) –
15. अन्य योग्यता (यदि कोई हो) –
16. समुदाय (अजा/अजजा यदि हो तो, सत्यापित प्रति संलग्न करे) –
17. विगत 02 वर्षों में कोई रेल सेवा पुरस्कार (DRM, PHOD &GM) हो तो प्रमाण पत्र संलग्न करे –

नोट – सभी प्रमाण–पत्रों की स्वयं अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं।

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दिये गये सभी विवरण सत्य हैं। दिया गया विवरण गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी को रद्द करते हुए मेरे उपर अनुशासनिक कार्यवाही की जाय।

Digitally signed by
TRILOK NATH VERMA
Date: 18-11-2025
15:30:47

आपका विश्वासी हस्ताक्षर
नाम
पदनाम/कार्यस्थल
दिनांक

मेरे जानकारी के अनुसार कर्मचारी द्वारा दिया गया सभी विवरण सत्य है।

संबंधित पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर
पूरा नाम :
पदनाम/कार्यस्थल :
दिनांक :
कार्यालय का मुहर